जनसत्ता

NEC
a link with electricity

**ELECRAMA 2020 Print Media Coverage**
**Date: 19-01-2020**

# ऊर्जा प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे 1300 से ज्यादा देशी-विदेशी कारोबारी

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 19 जनवरी।

इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में चल रही दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा प्रदर्शनी इलेक्रामा 2020 में बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन, वितरण, पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रोमोबिलिटी, ऑटोमेशन व पॉवर स्टोरेज आदि की नई तकनीकों को प्रदर्शित किया जा रहा है। यहां करीब 300 से अधिक विदेशी और एक हजार से अधिक भारतीय कारोबारी अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी बिजली प्रदर्शनी 22 जनवरी तक चलेगी।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि इलेक्रामा उर्जा के क्षेत्र में सीखने और दुनिया के रुझानों के बारे में जानने का शानदार अवसर है। मौके पर केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री आरके सिंह व उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना भी मौजूद थे। इस प्रदर्शनी में नोएडा स्थित नित्या समूह (एनईसी) ने जर्मनी तकनीक से तैयार तारों और केबल की विशेष श्रृंखला का प्रदर्शन किया है। एनईसी ने घरेलू और औद्योगिक उपयोग आने वाले उत्पाद जैसे वायर, मल्टीकोर केबल्स, स्पेशल केबल्स आदि को प्रदर्शित किया है। सीएमडी प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी हमेशा उपभोक्ताओं को सबसे अच्छी, सुरक्षित और उन्नत तकनीक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।